卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 265 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦6 जुलाई 2024 ♦मूल्य

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## आफत की बारिश, मलवे में दबने से दो की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। पहाड़ों पर भारी बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। कर्णप्रयाग में गौचर के बीच हो गया है। नदी और नाले उफान पर हैं।उधर मूसलाधार बारिश से पौड़ी हाईवे कई बार बाधित हो रहा है। लगातार हो रही खड़े पांच दोपहिया वाहन मलबे में दब गए। वहीं देहरादून एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण दिल्ली से देहरादून आने





गलनाऊ के पास पहाड़ी से मलबा आने से दो लोग दब गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों लोग हैदराबाद निवासी थे। कर्णप्रयाग में संगम घाट भी जलमग्न बारिश से शहर में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से शनिवार को पौड़ी– श्रीनगर रोड़ पर कृषि विभाग के पास सड़क का पुशता टूटने से यहां पर वाली एलाइंस एयर की फ्लाइट को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। इस फ्लाइट को सुबह 8:45 बजे एयरपोर्ट पर उतरना था। यह फ्लाइट देहरादून के आसमान में पहुंची, लेकिन खराब मौसम के कारण फ्लाइट बैरंग दिल्ली लौट गई। इससे पहले एक फ्लाइट और बाद में कुछ अन्य फ्लाइट एयरपोर्ट पर उतरी। श्रीनगर में अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने से घाट डूब गए। चेतावनी स्तर से करीब एक मीटर नीचे अलकनंदा बह रही है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवपुरी के पास और बछेलीखाल के पास सुबह 4 बजे मलबा आया। मुनिकीरेती पुलिस ने श्रीनगर जाने वाले वाहनों को वाया नरेंद्रनगर होकर (शेष पृष्ठ सात पर)


## नदी में बहने से महिला की मौत

टनकपुर। टनकपुर क्षेत्रान्तर्गत बनबसा में नदी को पार करते वक्त एक महिला बह गई।एसडीआरएफ ने महिला का शव बरामद कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि गांव थेलागौथ निवासी 52 वर्षीय महिला शांति देवी बनबसा क्षेत्र में नदी पार करते समय अनियंत्रित होने से फिसलकर बह गई। सूचना मिलने के बाद एसडीएम टनकपुर ने घटना के सम्बंध में एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। जिस पर उप निरीक्षक मनीष भाकुनी के साथ एसडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। देर रात्रि तक एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर गहन (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में पूर्व प्रधान के पुत्र की मौत

### गड्प्पू जंगल में देर रात पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार

कालाढुंगी (उद संवाददाता)। बाजपुर मार्ग पर गड्प्पू जंगल में एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गये। कार में सवार बाजपुर के गांव रंपुरा शाकर के पूर्व प्रधान के पुत्र की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम रंपुरा शाकर बाजपुर निवासी सुहैल अमद पुत्र सज्जन खां शुक्रवार देर रात हल्द्वानी से घर लौट रहे था। तभी गड्प्पू जंगल में उसकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में सुहैल अहमद उर्फ छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया। मार्ग से गुजर रहे लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची



और सुहैल अहमद को बाजपुर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बता दें कि, सुहैल अहमद किसी कार्य से हल्द्वानी गए हुए थे। देर रात वापस लौट रहे थे। शनिवार सुबह पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भारी बारिश में सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

लालकुंआ(उद संवाददाता)।15 सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश भी मौके पर पहुंचे धरना प्रदर्शन का समर्थन किया। भारी बारिश के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता लालकुआं में ट्रांसपोर्ट नगर से लेकर तहसील कार्यालय तक सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां 15 सूत्री मांगों को लेकर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि लाल कुआं नगर के लोगों को अपने भूमिका मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा है। बिंदुखाता को राजस्व गांव



अभी तक घोषित नहीं किया गया जबकि सरकार का वादा है कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाएंगे इसके अलावा लाल कुआं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का भाव है जिसके चलते लोगों को इलाज के लिए लालकुआं से हल्द्वानी जाना पड़ता है इसके अलावा गोला नदी कई जगह से भू कटाव कर दिया है जिसके चलते बिंदुखाता क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को खतरा बना हुआ है। कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने कहा कि जल्द अगर उनकी मांगे पूरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## शहर में गुलदार दिखने से हड़कम्प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार दिखने के कई मामले सामने आ चुके हैं। परंतु अब अपनी भूख मिटाने के लिए आदमखोर जानवरों के कदम रिहायशी इलाकों में भी बढ़ने शुरू हो गए है। गौरतलब हो कि काठगोदाम के निर्मला स्कूल के पास से कुछ दिनो पहले गुलदार ने एक छोटे बच्चे को अपना निवाला बना लिया था। जिसके बाद से शहर के लोगो में भय का माहौल बना हुआ था। लेकिन एक बार फिर से नगर के रिहायशी इलाके में गुलदार देखने से क्षेत्र के लोगों के साथ ही सम्पूर्ण नगरवासियों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है (शेष पृष्ठ 7पर)

## अल्मोड़ा की युवती को लव जिहाद में फंसाया

### नाम बदलकर करता रहा शारीरिक शोषण, विरोध के बाद आरोपी हिरासत में


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुस्लिम युवक द्वारा नाम व पहचान छुपा कर लव जिहाद कर युवती का शारीरिक शोषण किये जाने की जानकारी मिलने पर आज हिंदूवादी संगठनों के कई लोगों ने आवास विकास चौकी में हंगामा काटा और पुलिस को पीड़िता की ओर से तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को एक स्थान पर काम करते पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। पीड़िता का कहना है कि उसके पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। फरवरी 2021 में एक युवक जिसने अपना नाम समीर बताया जो कि एक फाईनेन्स अल्मोड़ा में कार्य करता था से मुलाकात होने पर उससे कहा कि उसे



नौकरी की सख्त जरूरत है। तब उक्त युवक समीर ने कहा कि उसकी रूद्रपुर सिडकुल में बहुत अच्छी जान पहचान है वहां तुम्हें अच्छी जॉब दिलवा दूंगा। उसने उसे रूद्रपुर बुलाया और अपने कमरे पर ले गया और आज कल आज कल करता रहा। इसी बीच उक्त युवक ने मौका देखकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बना लिये। आरोप है युवक ने डराते धमकाते (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला भूतबंगता में अज्ञात कारणों के चलते एक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने पर



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय काजल पुत्री कन्हैयालाल अपनी मां, बहन व भाईयों के साथ मौहल्ला भूतबंगता गली नम्बर 6 में किरायेदार के रूप में रहती थी। उसकी मां घरों में काम करती है जबकि बड़ी बहन सिडकुल की एक फैक्ट्री में कार्यरत है। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर उसकी मां और बड़ी बहन काम पर गये हुए थे और घर में छोटे भाई बहन मौजूद थे। काजल ने घर में टीन के नीचे बल्ली से कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब छोटे भाई बहनों ने उसे लटका हुआ देखा तो उन्होंने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मकान ने काजल की मां व बहन को घटना की सूचना देने के साथ ही पुलिस को भी मामले से अवगत कराया। जानकारी मिलते ही काजल की मां व बहन के साथ ही पुलिस कर्मी (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता
सम्पर्क करे–
9897427586

## सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वाले भाजपाईयों पर केस

रुद्रपुर (उद संवाददता)। विगत दिवस भगत सिंह चौक पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन करने के दौरान राहुल गांधी व सोनिया गांधा के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी भाजपाईयों के खिलाफ पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा है कि 4 जुलाई को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया था। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## श्री राम के प्रति आपत्तिजनक भाषा बोलने वाले के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया की ऐप व्हाट्सएप पर करोड़ों देशवासियों के आराध्य प्रभु श्री रामचंद्र के प्रति आपत्तिजनक अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए वार्तालाप करने के आरोपी सिद्धांत जोशी के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यशपाल राजहंस प्रांत मंत्री गौ विभाग विश्व हिंदू परिषद ने दर्ज रपट में कहा है कि सोशल मीडिया की ऐप व्हाट्सएप पर करोड़ों देशवासियों के आराध्य प्रभु श्री रामचंद्र के प्रति आपत्तिजनक अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए वार्तालाप करने की रिकॉर्डिंग प्राप्त हुई जिसमें रुद्रपुर निवासी सिद्धांत जोशी द्वारा आराध्य प्रभु राम के प्रति अनुचित भाषा और शब्दों का उपयोग किया गया है जिससे स्पष्ट रूप से धार्मिक लोगों को ठेस पहुंचती (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।
सम्पर्क करे–
9897427586

# बारिश और भूस्खलन से प्रदेश में 115 सड़कें बाधित

## मौसम विभाग ने जारी किया भारी बारिश का रेड अलर्ट, आठ जिलों में 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में आज भी भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर समेत चमोली और पौड़ी जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी सतर्कता रखें। कुमाऊं के सभी छह जिलों में पहली से बारहवीं तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शनिवार को भी छुट्टी घोषित की गई है। वहीं, गढ़वाल में पौड़ी और रुद्रप्रयाग के स्कूलों में भी छुट्टी रहेगी। मानसून के साथ ही पहाड़ में मुसीबतों की दस्तक हो गई है। मलबा गौरीकुंड हाईवे पर सुरंग के बाहर भारी भूस्खलन होने से सुरंग क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आवाजाही रोक दी गई है। वहीं, टिहरी घनसाली- भिलंगना ब्लॉक के बूढ़ाकेदार क्षेत्र के ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रो मे हो रही तेज बारिश से बालगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया। हालांकि अभी नदी के कुछ इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, टिहरी और हरिद्वार में कहीं-कहीं भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा, तेज बारिश के दौरान खुले स्थान पर रहने से बचें। जबकि संवेदनशील व भूस्खलन





किया गया है। वहीं, देहरादून, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, टिहरी और हरिद्वार में कहीं-कहीं भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिकों ने खुले स्थान पर रहने व जाने से बचने के लिए कहा है। संवेदनशील व भूस्खलन वाले स्थान और नदियों के किनारे अधिक आने के कारण बदरीनाथ-गंगोत्री हाईवे समेत प्रदेशभर में 115 सड़कें बाधित हुईं। बदरीनाथ हाईवे 10 घंटे बंद रहा। लगातार पांच दिन से हो रही बारिश से गोमुख-तपोवन ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया है। इसलिए अनिश्चितकाल के लिए गोमुख जाने पर रोक लगा दी गई है। रुद्रप्रयाग- खतरे के निशान से नीचे है लेकिन लोगों को अलर्ट किया गया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक कुमाऊं मंडल में भारी से भारी बारिश की संभावना है। पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर समेत चमोली और पौड़ी जिले वाले स्थान और नदियों के किनारे सतर्कता बरतें। गंगोत्री गोमुख तपोवन ट्रैक की यात्रा पर गंगोत्री नेशनल पार्क ने अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। चीड़बासा में मार्ग अवरुद्ध होने के कारण किसी भी यात्री और ट्रेकर को कनखू बैरियर से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी।

## हल्द्वानी में रकसिया नाले के तेज बहाव में फंसे कई मवेशी

हल्द्वानी। उत्तराखंड में मौसम विभाग की चेतावनी सही साबित हो रही है। प्रदेश के पहाड़ी जिलों से भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही है तो कहीं नदी नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। नैनीताल में नौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। वहीं रकसिया नाले के तेज बहाव में तीन मवेशी पानी मे फंस गए। सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से मवेशियों को कड़ी मशक्कत के बाद नाले से सकुशल बाहर निकाला। भारी बरसात के चलते सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम और तहसीलदार ने खुद सड़क पर उतरकर स्थिति का निरीक्षण किया। प्रशासन भी लोगों से सतर्कता बरतते हुए नदी नालों के पास न जाने की अपील की है। वहीं सांसद अजय भट्ट ने शुक्रवार को हल्द्वानी में तिकोनिया के पास धंसी हुई सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। भट्ट ने बताया कि तिकोनिया में अब पाइप लगाकर सड़क को ठीक किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए।



## खाई में गिरा बोलेरो वाहन, दो की मौत

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में शुक्रवार शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। रतनपुर-अंद्रिया-घेंघड़खाल मोटर मार्ग पर मुल्या अंद्रिया के समीप एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में भर्ती किया गया है। कार में चालक सहित पांच लोग बैठे हुए थे, सभी लोग घेंघड़ गांव के निवासी हैं। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे कार तिलवाड़ा से सौंराखाल से घेंघड़ के लिए रवाना हुई। शाम करीब 4 बजे मुल्या अंद्रिया के समीप तीखे मोड़ पर कार अचानक अनियंत्रित हुई और 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में दीपक सिंह (14) पुत्र दिनेश सिंह और जय सिंह (65) पुत्र मुर्खल्या सिंह, निवासी घेंघड़ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मनीष सिंह (12) पुत्र दिनेश सिंह, दिनेश सिंह (45) पुत्र जसपाल सिंह और राकेश सिंह (42) पुत्र नारायण सिंह घायल हो गए। राहत व बचाव दल घायलों को खाई से निकालकर सड़क तक लाया, जहां से उन्हें 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में भर्ती किया गया है। वहीं, मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे का कारण मोटर मार्ग का कच्चा होने के साथ ही तीखा मोड़ माना जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



## नशे में धुत ट्रक चालक ने तीर्थयात्रियों को मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती

चमोली। बदरीनाथ धाम में एक ट्रक ने माणा तिराहे पर चार तीर्थयात्रियों को टक्कर मारकर दी। चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदरीनाथ में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक यात्री को हल्की चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। तीन गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। चालक अजय, ग्राम छिनका, चमोली शराब के नशे में धुत था। इसकी मेडिकल में पुष्टि हुई है। बदरीनाथ पुलिस की ओर से ट्रक को सीज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बदरीनाथ के थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे माणा तिराह के पास जोशीमठ की ओर से आ रहे ट्रक ने पहले फायर सर्विस के वाहन पर जोरदार टक्कर मारी, इसके बाद वहां से पैदल गुजर रहे तीर्थयात्रियों को टक्कर मारने के बाद एक सार्वजनिक शौचालय में घुस गया। जिसमें तीर्थयात्री संतोष (54) पत्नी अशोक, निवासी कर्नाटक, अशोक (58), निवासी कर्नाटक, राजेंद्र कुमार (60), निवासी लखनऊ और बदरीनाथ में सफाई कर्मी सोने घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी बदरीनाथ में भर्ती कराया गया। अशोक के कूल्हे में फ्रेक्चर आया है, जबकि संतोष के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। राजेंद्र कुमार के भी पांव और सिर पर चोटें हैं।



## बदरीनाथ विधानसभा का हम सब मिलकर करेंगे विकास : बलूनी

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी के समर्थन में शुक्रवार को केंद्रीय परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा व गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने गोपेश्वर में जनसभा की। टम्टा ने कहा, राजेंद्र भंडारी ने बदरीनाथ विधानसभा के लिए बड़ा त्याग किया है, हम सब मिलकर यहां का विकास करेंगे। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उन्हें जो स्नेह यहां की जनता ने दिया उसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। भंडारी को भी भारी मतों से विजयी बनाएं, इस क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी हम सबकी है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धनसिंह रावत, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, रायपुर विधायक खजान दास ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश मैखुरी, जिला प्रभारी कुंदन परिहार, उपचुनाव प्रभारी विजय कपरूवाण, बलवीर घुनियाल, पुष्पा पासवान आदि मौजूद रहे।

## युवक ने किया महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

नैनीताल। मुरादाबाद के एक युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए रामनगर की विवाहित महिला से दोस्ती की। आरोपी ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म कर उसकी अश्लील फोटो खींच ली। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसआई प्रथम मो. युनूस ने बताया कि महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। उसने बताया उसकी एक साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए अब्दुल समद निवासी पीर का बाजार गली नंबर दो करूला मुरादाबाद से दोस्ती हुई। दोस्ती प्यार में बदल गई और आरोपी युवक उससे मिलने रामनगर आता रहा। महिला के अनुसार आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और इसी दौरान उसकी अश्लील फोटो मोबाइल से खींच ली। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। आरोपी ने महिला से अश्लील फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बदरीनाथ धाम के रावल ने दिया पद से इस्तीफा, अमरनाथ नंबूदरी करेंगे पूजा

चमोली। बदरीनाथ धाम के रावल (मुख्य पुजारी) ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब 14 जुलाई से धाम में नए रावल अमरनाथ नंबूदरी पूजा-अर्चना करेंगे। 13 जुलाई को नए रावल का तिलपात्र किया जाएगा। बदरीनाथ के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने निजी कारणों से कुछ समय पहले बदरी-केदार मंदिर समिति को अपना त्यागपत्र सौंपा था। मंदिर समिति ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए अब नए रावल की घोषणा कर दी है। धाम में नायब रावल के पद पर कार्य कर रहे अमरनाथ नंबूदरी ही धाम के नए रावल होंगे। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के त्यागपत्र को मंदिर समिति ने स्वीकार करते हुए नए रावल की तैनाती कर दी है। 13 जुलाई को नए रावल अमरनाथ नंबूदरी का तिलपात्र किया जाएगा। 14 जुलाई को वर्तमान रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी बाल भोग लगाएंगे जो उनकी ओर से धाम में अंतिम धार्मिक अनुष्ठान होगा। वहीं नायब रावल के पद पर नई तैनाती के लिए भी दक्षिण भारत में विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

# केंद्र सरकार ने दी पीएम श्री योजना के तहत 84 विद्यालयों को मंजूरी

## शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने जताया आभार, चिन्हित विद्यालयों में डिजिटल बोर्ड एवं समर कैम्प का भी किया जाएगा आयोजन

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-श्री) के तहत दूसरे चरण में प्रदेश के 84 विद्यालयों का चयन किया गया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने इन विद्यालयों में ढांचागत विकास एवं नवाचारी गतिविधियों के लिये 61.19 करोड़ की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही प्रदेश में पीएम-श्री योजना के अंतर्गत कुल 225 विद्यालयों का चयन किया जा चुका है। जिस पर प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने पीएम मोदी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार जताया है। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिये विभिन्न स्तरों पर काम किया जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने पीएम-श्री योजना के अंतर्गत दूसरे चरण में प्रदेश के 84 विद्यालयों का चयन कर उनके ढांचागत विकास एवं नवाचारी गतिविधियों के लिये 61.19 करोड़ की धनराशि को मंजूरी दे दी है। विभागीय मंत्री ने बताया कि इससे पहले प्रथम चरण में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने प्रदेश के 141 विद्यालयों का चयन पीएम-श्री योजना के लिये किया था। इसके साथ ही इस योजना के तहत अब प्रदेश में कुल 225 विद्यालयों का चयन किया जा चुका है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधनों के तहत बच्चों को स्कूल से जोड़ने व उन्हें स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत पीएम-श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में आईसीटी एवं डिजिटल सुविधा, डिजिटल टीवी, डिजिटल बोर्ड, ऑडियो-विजुअल सिस्टम, बैण्ड सेट, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अलावा चयनित स्कूलों में 21 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, 11 कम्प्यूटर कक्ष, 19 फिजिक्स प्रयोगशाला, 9 रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, 9 जीव विज्ञान प्रयोगशाला आदि का निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही ग्रीन स्कूल के तहत डस्टबिन, एलईडी लाइट की भी व्यवस्था की जायेगी। विभागीय मंत्री ने बताया कि इन विद्यालयों में नावाचारी गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसके तहत विद्यालयों में बैगलेस डे, वार्षिकोत्सव, समर कैम्प, एक्सपोजर विजिट, एक्सपर्ट टॉक व स्वच्छता पखवाड़ा जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इन तमाम गतिविधियों के लिये धन की कमी अड़े नहीं आयेगी इसके लिये प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने धनराशि स्वीकृत की है। विभागीय मंत्री ने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत तीसरे चरण में प्रदेश के अधिक से अधिक विद्यालयों का चयन हो सके इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पूरी तैयारी रखने को कहा है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत द्वितीय चरण में जनपद ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़ तथा अल्मोड़ा में 10-10 विद्यालयों का चयन किया गया है। जबकि नैनीताल और चमोली में 8-8, पौड़ी में सात, देहरादून, हरिद्वार व उत्तरकाशी में 6-6, चम्पावत और टिहरी में 4-4, बागेश्वर में 3 और रूद्रप्रयाग में 2 विद्यालयों का चयन पीएम-श्री योजना के लिये हुआ है।

## रिक्ति-TGT (English) and Music Teacher

## पुलिस मॉडर्न स्कूल

31वीं वाहिनी, पीएसी,रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)

साक्षात्कार की दिनांकः 10.07.24 | साक्षात्कार का समयः 10:00 AM | साक्षात्कार का स्थान,पुलिस मॉडर्न स्कूल

| in | in dh la[;k | 'kf{kd ;kX;rk@vgZrk |
|---|---|---|
| अंग्रेजी (टी0जी0टी0) | 01 | स्नातक (अंग्रेजी के साथ) या स्नातकोत्तर (अंग्रेजी) एवं (बी0एड0 उत्तीर्ण, यूटैट/सीटैट उत्तीर्ण) |
| संगीत | 01 | स्नातक संगीत विषय के साथ व वाद्य यंत्रों का ज्ञान |

1. आवेदक अपने बायोडाटा को रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा या स्कूल की मेल पर भेजें।
2. साक्षात्कार के दिनांक को निर्धारित समय से 1 घंटे पूर्व अपने बायोडाटा के साथ वॉक इन इण्टरव्यू के लिये भी आ सकते हैं।
3. पुलिस मॉडर्न स्कूल एक प्राईवेट स्कूल है, साक्षात्कार से सम्बंधित जानकारी हेतु 9456553297,9410121364 नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**Contact:** पुलिस मॉडर्न स्कूल, 31वीं वाहिनी पीएसी, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)
**E-mail**: principal.pmsrdr@gmail.com
**Website**: www.pmsrudrapur.com
**Phone No.**: 9456553297, 9410121364, 05944-244478
(BN. HQ 31st BN. PAC) Rudrapur


# शादी करने का झांसा देकर किया बलात्कार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस अंतर्गत एक बार फिर एक युवती ने युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक परयुवती को झांसे में लेकर प्यार करने और प्रेम सम्बन्ध में लेकर जल्द शादी करने को लेकर झांसे में लेकर बलात्कार करने के आरोप लगे हैं।जानकारी के मुताबिक यौन करने और एससी एक्ट के तहत आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली पुलिस में तहरीर दी है।पुलिस ने युवती की शिकायत परमामले को गम्भीरता से लेते हुए आरोप पंजीकृत किया हैऔर आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना जून माह की होने के कारण मामला पूर्व की धाराओं में ही पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफतारी के लिए टीम गठित करदी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि दफौट क्षेत्र निवासी उमेश तिवारी ने उसके साथ बहलाफुसलाकर झांसे में लेकर जबरन बलात्कार करने, फिर मामले को शांत करने के लिए जल्द शादी करने का झांसा देकर जबरन बलात्कार करने के आरोप लगाए। प्रभारी कोतवाल आशा बिष्ट ने बताया कि घटना जून माह की है जिस पर बलात्कार करने और एससी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी कर रहे हैं। आरोपी की गिरफतारी के लिए पुलिस ने टीम गठित कर दी है।अभी तक आरोपी फरार है।


किराये हेतु गोदाम उपलब्ध है

काशीपुर रोड गाबा चौराहा से 5 किमी. दूरी एनएच पर 12500 स्क्वायर मीटर के दो गोदाम खाली है।

सम्पर्क करें:-
9837041659



आवश्यकता है

4-5 एकाउंटेंट की।
जिसे टैली और एक्सेल का 3 से 4 वर्ष का अनुभव हो।
(वेतन योग्यतानुसार)

-सम्पर्क करें-
विनायक ट्रेडिंग फर्म
गाबा चौक निकट संजीवनी हॉस्पिटल, काशीपुर रोड,रूद्रपुर,मो. 6396259554


# महज आठ सौ रुपये के लिए 'पप्पू' ने फावड़े से की थी 'साधू' की हत्या

## दो साल पूर्व हुए जगदीश हत्याकांड का एसएसपी ने किया खुलासा

काशीपुर। कुंडा थाना पुलिस ने दो साल पूर्व 27 जुलाई 2022 को हुए जगदीश हत्याकांड का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने हत्यारोपी को पकड़कर जेल भेज दिया। हत्याकांड का खुलासा एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कुंडा थाने में किया। दो साल पहले हुए हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी उधमसिंह नगर डॉ मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बीती 27-07-2022 को रेलवे कॉलोनी निवासी जगदीश उर्फ साधू पुत्र बीरबल निवासी का शव पांडे कॉलोनी, गोपीपुरा, काशीपुर क्षेत्र में रमेश उर्फ पप्पू के खेत की मेड़ पर मिला था। जिसके बाद जगदीश की पत्नी दुर्गावती ने 22 मार्च 2023 को पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर धारा-302 आईपीसी बनाम रमेश उर्फ पप्पू पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम गोपीपुरा, काशीपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रभारी निरीक्षक कुंडा विक्रम सिंह राठौर के सुपुर्द की गई। जांच के दौरान जगदीश की पत्नी दुर्गावती की पत्नी से उक्त घटना के सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ की गयी। उसने बताया कि 27 जुलाई 2022 की शाम के 5।00 बजे रमेश ऊर्फ पप्पू पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम गोपीपुरा ने उसके घर आकर बताया था कि जगदीश उर्फ साधु मेरे खेत में शराब पीकर पड़ा हुआ है। जगदीश के सिर पर चोट का निशान था, जिसके आधार पर उसने मुकदमा दर्ज कराया था। घटनास्थल जंगल के किनारे खेत के होने तथा आसपास कोई इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य नहीं मिल पाने से जांच में चुनौती थी। घटना का कोई चश्मदीद गवाह/अन्य गवाह नहीं होने के कारण अभियोग में फॉरेंसिक विधि विज्ञान की सहायता लेकर संदिग्ध अभियुक्त रमेश उर्फ पप्पू का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया। पॉलीग्राफ टेस्ट में रमेश



ऊर्फ पप्पू ने जगदीश उर्फ साधु की हत्या करना स्वीकार किया। रमेश ने बताया कि मैंने जगदीश उर्फ साधु के 800 रुपये मजदूरी के देने थे। घटना के दिन 3.00 बजे मैं पांडे कॉलोनी में अपने धान के खेत की मेड़ पर पानी निकलने के लिये मेड़ बना रहा था। उसी समय जगदीश ऊर्फ साधु वहां पर आया और मुझसे अपनी मजदूरी के 800 रुपये मांगने लगा। मुझे गालियां देने लगा। इस पर मैंने गुस्से में आकर उसके सिर पर फावड़े से वार किया तो एक ही बार में जगदीश उर्फ साधु जमीन पर गिर गया और मर गया। रमेश ने बताया कि मुझे पहले से ही पता था कि जगदीश उर्फ साधु अक्सर शराब पीकर खेतों में और सड़क के किनारे पड़ा रहता है। मैंने सोचा कि मैं इसके घर पर जाकर बता देता हूं कि जगदीश उर्फ साधु शराब पीकर मेरे खेत में पड़ा है। इसकी शराब पीकर जगह-जगह पड़े होने की पुरानी आदत के कारण मेरे पर कोई शक नहीं करेगा। जब मैंने यही बात घटना के बाद जगदीश ऊर्फ साध ु के घर जाकर बतायी तो उसके परिवार वालों ने कहा कि हम अभी उसे उठाकर ले आते हैं। इसके बाद मैं अपने घर पर चला गया। रमेश के कबूलनामे के आधार पर रमेश उर्फ पप्पू को उसके जुर्म धारा 302 आईपीसी से अवगत कराकर हिरासत में लिया गया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला ए कत्ल फावड़ा बरामद कर मुकदमे में धारा-201 आईपीसी की बढ़ोत्तरी की गयी है।

# मेदिनी गुप्ता किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य मनोनीत

किच्छा(उद संवाददाता)। मेदिनी गुप्ता को उत्तराखंड सरकार द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, उधम सिंह नगर में सदस्य मनोनीत किया गया है। इससे पूर्व वह जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में 6 वर्ष तक कार्य कर चुकी है। वह स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम की राज्य समुचित प्राधिकारी के रूप में कार्य कर चुकी है। वर्तमान में वह स्वास्थ्य विभाग, पीसीपीएनडीटी के राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड की सदस्य हैं। वह जिला परिवार कल्याण समिति की सदस्य भी रही है जिसमें वह घरेलू अपराध से संबंधित मामलों की जांच में अपना निर्णय देती रही थी। मेदिनी गुप्ता किच्छा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ए के गुप्ता की पत्नी है। वह सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहती है। किशोर न्याय बोर्ड किशोर बालिकों के मामलों की सुनवाई करता है एवं उसमें अपना निर्णय देता है,



किशोर न्याय बोर्ड किशोर बालिकों की देखरेख, संरक्षण एवं उत्थान के लिए कार्य करता है। किशोर न्याय बोर्ड मार्ग से भटके किशोरों को जीवन की मुख्यध ारा से जोड़ने का कार्य करता है। मेदिनी गुप्ता के मनोनयन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा जोशी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शैली फुटेला, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठोर, पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी खूब सिंह विकल, रुद्रपुर के पूर्व मेयर रामपाल, भाजपा जिला महामंत्री डॉ सुदेश कुमार, लालपुर मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा, पंतनगर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलोतरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, विवेक राय, भाजपा नेता हरीश खानवानी, महेंद्र पाल, मुकेश कोली, अभिषेक सक्सेना, प्रकाश भट्ट, रविंद्र बजाज, रेणुका चौधरी, प्रहलाद खुराना, जानकी तिवारी, दया ढशीला, प्रभा रघुवंशी, गीता राठोर, समर पाल चौधरी, मीरा तिवारी, प्रकाश पंत, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, कांग्रेस नेता संतोष रघुवंशी, बंटी पपनेजा, दुर्गेश गुप्ता, आप पार्टी नेता जनार्दन सिंह, मनरेगा लोकपाल डॉ भूपेंद्र कुमार गंगवार, व्यापारी नेता नितिन फुटेला, डॉ रवि फुटेला, डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉक्टर सुभाष यादव, डॉक्टर राजेंद्र सिंह बाटला, डॉ गोविंद पगरिया, डॉ दर्शन सिंह, डॉ प्रभाकर सिंह, डॉक्टर सुभाष निगम, डॉक्टर गुरसिमरत सिंह चीमा, डा पी।डी पांडे, डॉ विकास ढाली, डॉक्टर मनोरंजन पंत आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# पर्यावरण मित्रों का लेखपाल सतपाल बाबू ने किया सम्मान

गदरपुर(उद संवाददाता)। लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष शहर लेखपाल सतपाल बाबू पटवारी द्वारा अल्प भोगी पर्यावरण मित्रों को सूक्ष्म जलपान कराकर सम्मान दिया । पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सतपाल बाबू का कहना था कि दिहाड़ी मजदूर के रूप में पर्यावरण मित्र प्रतिदिन जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वाह करते हैं जिनका सम्मान किया जाना अति आवश्यक है।



इसी कड़ी में उनके द्वारा पर्यावरण मित्रों को सूक्ष्म जलपान करवा कर सम्मान दिया है । वहीं पर्यावरण मित्रों द्वारा लेखपाल सतपाल बाबू का धन्यवाद करते हुए आभार जताया गया । इस दौरान विजेंद्र कुमार, सचिन रत्नाकर ,भारती, राजकुमार, विक्की, पप्पू, गुड्डू, अंकित, आदर्श, विजय, मिथुन, आदेश, राजवीर, रोहित, आदि उपस्थित रहे ।

# शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाकू नियंत्रण के लिए चलायें जागरूकता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक लेते हुए कहा कि विद्यालयों की 100 मी की परिधि में तम्बाकू पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए साथ ही स्कूली बच्चों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये पुलिस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की टीम बनाकर निरंतर चौकिंग अभियान चलाया जायें। उन्होने शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थानों में समय-समय पर चैकिंग किया जाये, यदि कहा कि यदि कोई भी दुकानदार शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू बेचते हुये पाया जाता है तो के बारे में बताया जाये व लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त करने हेतु



शिक्षक भी तम्बाकू का सेवन करते हुये पाये जाते है तो सम्बन्धित के खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाये। उन्होने दुकानदार का भी चालान किया जाये। उन्होने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों व ग्राम पंचायतों में तम्बाकू से होने वाले दुस्प्रभाव रूपरेखा बनाया जायें एवं जो ग्राम पंचायते सबसे पहले तम्बाकू मुक्त होगीं उन्हे सम्मानित किया जाये। उन्होने कहा कि जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त किया जाये, इसके लिये कार्यालयध्यक्षों की जबावदेही तय किया जाये। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने परिवार नियोजन की बैठक लेते हुए जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए वैज्ञानिक विधियों के प्रयोग करने हेतु लोगों को प्रेरित करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए । उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को एनजीओ व आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से ओरल कंट्रासेप्टिव पिल्स, इंट्रा यूट्रिन कंट्रासेप्टिव डिवाइस (आईयूसीडी), आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली (ईसीपी), कंडोम, महिला (नलबंदी) तथा पुरुष (नसबंदी), अंतरा आदि विधियों के प्रयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश को दिए।उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन की विधियों के बारे में महिलाओं को परामर्श प्रदान करें साथ ही परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को प्रोत्साहित करें तथा परिवार नियोजन की सुरक्षित विधियों एवं इसकी सीमाओं के बारे में जानकारी प्रदान करें। विभिन्न अवसरों पर जोड़ों एवं व्यक्तियों, लड़कों एवं लड़कियों को परिवार नियोजन के लाभों के बारे में जागरूकता बढाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह, राजेश आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस.रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी व एनजीओ के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# सभी जनपदों में जल्द बनाये जाएं रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर

## 'हाउस ऑफ हिमालयाज' उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केटिंग का विशेष ध्यान रखा जाए

## सीएम ने की ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा,राज्य में 93 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उत्तराखण्ड के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' को वैश्विक स्तर पर ले जाने की योजना को सितम्बर तक पूर्ण रूप से धरातल पर लाए जाने के निर्देश दिये।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केटिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि हवालबाग और कोटद्वार में बनाये गये रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर की तरह ही राज्य के सभी जनपदों में जल्द रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर बनाये जाएं। युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसलिए विशेष ध्यान दिया जाए कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बनाई जा रही योजनाओं का नाम सरल और प्रभावी हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता से जुड़ी 15 महत्वपूर्ण योजनाओं को चिन्हित किया जाए, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपदवार रैंकिंग की व्यवस्था भी की जाए। इसके साथ ही अमृत सरोवरों के निर्माण और मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया जाए। अमृत सरोवरों के किनारे वृक्षारोपण भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव ग्राम्य विकास को निर्देश दिये कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को समय-समय पर गांवों में भेजा जाए। सचिव भी स्वयं कुछ



गांवों में जाएं। ग्राम सभाओं की बैठकों में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को भेजा जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे। ग्रामीण निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि 'मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना' के तहत गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। गांवों के विकास के लिए सड़क कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' माध्यम से आगामी 03 वर्षों में 25 करोड़ की बिक्री का लक्ष्य रखा गया है। लखपति दीदी योजना के तहत राज्य में अभी तक 93 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 2026 तक 2.50 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य में 66,596 आवास बनाये गये हैं।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि पीएमजीएसवाई के तहत अभी तक स्वीकृत 1864 बसावटों के सापेक्ष 1845 बसावटें संयोजित की जा चुकी हैं। इन बसावटों से लगभग 22 लाख की जनसंख्या लाभान्वित हुई हैं। इस दौरान बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुदंरम, श्रीमती राधिका झा, अपर सचिव श्री सविन बंसल, श्री मनुज गोयल, श्री कर्मेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पाद अमेजोन से होंगे उपलब्ध

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सचिवालय में उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों के अम्ब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद पहाड़ी झंगोरा को ई कॉमर्स वेबसाइट अमेजोन के माध्यम से क्रय किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से इन्वेस्टर्स समिट के दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड का शुभारंभ किया गया था।उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज के द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पाद आमजन के लिए आसानी से उपलब्ध होंगे और उत्तराखण्ड से बाहर रह रहे लोग भी इन उत्पादों को सुलभता से खरीद सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के साथ साथ राज्य के नागरिकों को आजीविका के नए अवसर भी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।



# 22 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के तबादले निरस्त

देहरादून। पंचायती राज विभाग ने 22 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के तबादले निरस्त कर दिए हैं। निदेशक पंचायती राज निधि यादव ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के मुताबिक, 22 वीपीडीओ के तबादले अंतरजनपदीय कर दिए गए थे। जबकि नियम के हिसाब से नहीं हो सकते थे। निधि यादव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि तबादला एक्ट 2017 के प्रावधानों के तहत इन सभी तबादलों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इनमें से जो वीपीडीओ नई जगह तैनात हो चुके हैं, उन्हें तीन दिन के भीतर मूल तैनाती जिलों में लौटना होगा। इनमें से जो पंचायती राज निदेशालय में संबद्ध हैं, उनके संबद्धता आदेश भी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। आपको बता दें कि ये तबादले पिछले साल नवंबर और इस साल मार्च माह में किए गए थे।

# आकांक्षी ब्लॉक गदरपुर में सम्पूर्णता अभियान का शुभारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम में अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का लॉच कार्यक्रम विकास खण्ड सभागार में किया गया । सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम की जानका पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से आकांक्षी विकास खण्ड फेलो सु प्रेरणा रावत द्वारा दी गयी तथा अवगत कराया गया कि माह जुलाई, 2024 से 30 सितम्बर, 2024 तक स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं एन०आर०एल०एम० के छः सकेतांकों के संतृप्तिकरण हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गयी है। सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पाण्डये व चन्द्रमणी पालीवाल सलाहकार नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अतिथियों द्वारा स्वंय सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड का स्वीकृति पत्र प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को सम्मानित कर फलदार पौध, परियोजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत उद्यम के लाभार्थी रू0 184500.00 की धनराशि का चौक प्रदान किया गया। राजकीय प्राथमिक विघालय प्रथम के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कृषि






विभाग द्वारा 05 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किये गये, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर नागारिकों की उच्च रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गयी । बाल विकास विभाग द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र में चयनित (08) अति कुपोषित बच्चों को खण्ड विकास अधिका शेखर जोशी, बाल विकास परियोजना अधिका मती बीना भण्डा, कनिष्ठ अभियंता मनरेगा, विश्वजीत, कनिष्ठ अभियंता शिखर ओझा, कनिष्ठ अभियंता टिंकू सिंह सहायक विकास अधिका पंचायत राजपाल सिंह चौहान, सहायक समाज कल्याण अधिका चन्द्रप्रकाश सिंह रावत तथा आकांक्षी विकास खण्ड फेलो सुक्षी प्रेरणा रावत द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहयोग से पुष्टाआहार वितरण किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडियेट में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने समस्त उपस्थितों को सम्पूर्णता अभियान की शपथ दिलाई, तथा कार्यक्रम की सफलता हेतु अपने स्तर से पूर्ण सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया गया। सहायक परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ऊधमसिंह नगर मती संगीता आर्या द्वारा सभी विभागों से समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। मंच संचालन उपकार्यक्रम अधिका अमित मेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिका नफील जमील ऊधमसिंह नगर प्रभा चिकित्साधिका संजीव सरना शिक्षा विभाग से सहायक अध्यापक अमरजीत बजाज,, बी०एम०एम० शाखावत शाह, ब्लॉक कोडिनेटर मती राधा बठला लेखाकार मदन सिंह सैनी, प्रधान सहायक आनन्द सिंह बिष्ट, कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय प परियोजना के अब्दुल कादीर, नक्की, प्रकाश चन्द्र जोशी, ग्राम विकास अधिका, गौरव त्रिपाठी ग्राम विकास अधिका, सूर्य प्रकाश मल्ल ग्राम विकास अधिका, सुधेन्दु सरकार ग्राम विकास अधिका पूनम पनेरू, ग्राम पंचायत विकास अधिका, पार्वची चंद्र, ग्राम पंचायत विकास अधिका डिस्ट्रीक लीड पिरामल फाउडेशन आशीष भटनागर, देवयानी, गाँधी फेलो निशा शर्मा, अभिलाषा, संध्या, शौऐब अहमद, सर्वेश सैनी, हीरा बिष्ट, कपिल कुमार हश मेलकानी, अब्दुल अंसा, कमल कुमार, अमित कुमार, बनमाली मंडल तथा गोविन्द सिंह, ज्ञानी सिंह, जयंती जगत सिंह, विनय कुमार आदि उपस्थित रहें।

# मेजर रविंद्र रावत और सचिन नेगी शौर्य चक्र से सम्मानित

## पैरा कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत को मिला कीर्ति चक्र, सीएम धामी ने दी बधाई

नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाददाता)उत्तराखंड के मेजर रविंद्र सिंह रावत के अद्वितीय साहस और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए भारत सरकार की ओर से शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। मेजर रावत ने भारतीय सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स (राजपूत) में तैनात रहते हुए बहादुरी तथा प्रेरक नेतृत्व का प्रदर्शन कर 11 सफल ऑपरेशन में भाग लिया और 28 आतंकवादियों के खात्मे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, पैरा कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत को कीर्ति चक्र, ग्रेनेडियर्स 55वीं बटालियन के मेजर सचिन नेगी को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। मूल रूप से चमोली जिले के गौचर (अंगोत) निवासी मेजर रावत ने 30 अगस्त 2022 को जम्मू कश्मीर



के शोपिया जिले के एक गांव में तीन हथियारबंद आतंकवादियों को मार गिराया था। इस दौरान मेजर रावत गंभीर रूप से घायल भी हो गए थे, लेकिन अद्वितीय साहस और अनुकरणीय नेतृत्व के दम पर उन्होंने आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। मेजर रावत का परिवार सैनिक पृष्ठभूमि का है। उनके पिता बादर सिंह रावत कोर ऑफ सिग्नल्स से सेवानिवृत्त हैं। जबकि, दादा दिवंगत बालम सिंह रावत सेना से सेवानिवृत्त थे। बड़ी बहन शशि रावत भी इस वक्त आर्मी मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर सेवारत हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जांबाज सैनिकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि उत्तराखंड के वीर जवानों ने हमेशा देशवासियों को गौरवान्वित किया है। कीर्ति चक्र से सम्मानित होने पर सैन्यभूमि उत्तराखण्ड के जाँबाज पैरा कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत जी, शौर्य चक्र से सम्मानित होने पर ग्रेनेडियर्स 55वीं बटालियन के मेजर सचिन नेगी जी और आर्म्ड कोर, 44वीं बटालियन के मेजर रविंद्र सिंह रावत जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार तत्पर:सीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम बार तीन दिवसीय "अण्डर 17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप" का आयोजन होना गर्व की बात है।ओलंपिक प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतने वाला खेल कुश्ती ही है। विश्व का सर्वाधिक प्राचीन नैसर्गिक खेल कुश्ती, जिसमें आज तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। सीएम धामी चैंपियन शिप के शुभारम्भ कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में खुद आना था लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते वह कार्यक्रम में नहीं आ सके उन्होनें डिजिटल माध्यम से आयोजकों और समस्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह न केवल उत्तराखंड अभी तो समस्त देश के लिए अविस्मरणीय अवसर है। क्योंकि इस चैंपियनशिप के माध्यम से न केवल उत्तराखंड के समस्त खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं वरन देश विदेश के समस्त प्रतिभागियों को उत्तराखंड को जानने और समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है। आज खेल जगत में भारत देश के विभिन्न खेलों के खिलाड़ी न केवल देश में अपितु विश्व के कोने कोने में अपनी विजय पताका लहरा रहे हैं और भारतदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार सिंह अध्यक्ष भारतीय कुश्ती संघ एवं करन भूषण सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने अपने आशीर्वचनों से युवाओं को कुश्ती के प्रति प्रेरित किया। शिववध न सिंह सचिव उत्तराखंड कुश्ती संघ, अंकित त्यागी सह सचिव उत्तराखंड कुश्ती संघ, एन. फोनी. उपाध्यक्ष भारतीय कुश्ती संघ, आर. के. पुरुषोत्तम जॉइंट सेक्रेटरी भारतीय कुश्ती संघ ने युवाओं की लगन और जोश को देखकर हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। विद्यालय के संस्थापक भरत गोयल ने प्रतिभागियों को अपना आशीर्वाद देते हुए समस्त प्रतिभागियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा ये खेल न केवल आने वाली पीढ़ी में जोश एवं उत्साह का संवर्धन करते हैं वरन् उनमें दृढ़ता, लगन, अनुशासन, समर्पण और एक दूसरे के साथ सहयोग करने की प्रवृत्ति का भी संचरण करते हैं।विद्यालय के संस्थापक गुरजीत सिंह कामरा, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रश्मि आनंद एवं उपप्राचार्य भूपेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त प्रतिभागियों को अपना सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी।



# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री बहुगुणा से की मुलाकात

गदरपुर (उद संवाददाता)।भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने देहरादून में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर गदरपुर में गौशाला के लिए धनराशि अवमुक्त करने की मांग की। जिस पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनको आश्वासन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी गौवशं की रक्षा और उत्थान हेतु बहुत से कदम उठा रही है। इसी के तहत गौशालाओ का निर्माण भी चल रहा है। गदरपुर में भी गौशाला के निर्माण हेतु शीघ्र ही धनराशि अवमुक्त की जाएगी। जिससे गदरपुर में भी गौवंश के रख रखाव हेतु एक उचित स्थान क्षेत्रवासियों को प्राप्त होगा। जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि विधानसभा गदरपुर के ग्राम बरीराई मे लगभग 4.5 एकड़ भूमि का चयन गौशाला के निर्माण हेतु कर लिया गया है और लगभग 5 करोड की धनराशि की मदद से गौशाला का निर्माण होना है जो कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा शीघ्र ही अवमुक्त कर दी जाएगी।



# कमिश्नर ने आठ वर्ष बाद महिला को भूमि पर दिलाया कब्जा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आयुक्त दीपक रावत द्वारा साप्ताहिक जनसुनवाई के अलावा भी प्रतिदिन लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अल्मोडा निवासी पार्वती भण्डारी की 8 वर्ष पुरानी भूमि विवाद का मौके पर समाधान किया। अल्मोडा मूल निवासी पार्वती भण्डारी पत्नी रमेश चन्द्र भण्डारी वर्तमान निवासी बडी मुखानी हल्द्वानी ने वर्ष 2016 में 1000 स्क्वायर फीट का प्लाट कुशाग्र हैबिटेट डेपलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जसपुर उधमसिंह नगर में 5 लाख की धनराशि में क्रय किया था। कुशाग्र डेपलपर्स द्वारा उक्त प्लाट की रजिस्ट्री नही की गई। श्री भण्डारी ने बताया कि वर्ष 2016 से बार -बार बताने के बाद भी रजिस्ट्री नही की गई। गुरूवार को पार्वती भण्डारी द्वारा भूमि विवाद के बारे में आयुक्त श्री रावत को अवगत कराया।जिस पर उन्होंने तत्काल कार्य वाही करते हुये बिल्डर्स एवं स्थानीय राजस्व अधिकारियों को शुक्रवार को कार्यालय में तलब कर उक्त भूमि की रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये। कुशाग्र बिल्डर्स द्वारा लिखित में बताया गया कि श्रीमती भण्डारी के प्लाट की रजिस्ट्री 8 जुलाई को कर दी जायेगी। आयुक्त ने चेतावनी देते हुये कहा कि 8 जुलाई को रजिस्ट्री नही होने पर कुशाग्र बिल्डर्स के खिलाफ लैंडफ्रॉड में केस दर्ज होगा।



# भारतीय किसान यूनियन की कार्यकारिणी का विस्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक काम्बोज धर्मशाला में सम्पन हुई जिसमे वर्तमान में चल रही किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई और कुछ नए पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया।जस्सा सिंह संधू को पद मुक्त करके राजेंद्र काम्बोज को युवा जिला अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया और सुखविंदर सिंह को कुमाऊ मंडल महासचिव, साहब सिंह को तहसील अध्यक्ष, गुरबक्श सिंह को तहसील उपाध्यक्ष, सविंदर सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष, रमन मैनी को तहसील सचिव, अंग्रेज चन्द को ब्लॉक सचिव, दिलशाद अली को तहसील अध्यक्ष, सुरजीत सिंह को युवा ब्लॉक अध्यक्ष, सतनाम चन्द को तहसील महासचिव, सज्जाद हुसैन को तहसील सचिव और अलग अलग ग्राम सभा से किसानों को ग्राम अध्यक्ष का पद सौंपा गया। इसके अलावा सरकार से मुख्य मांगे जो रखी गई उनमें भूमि का नियमतिकरण हो चाहे वो किसी भी श्रेणी की हो जिसपर किसान काबिज है, ट्यूबेल के बिजली बिल माफ हो और आवारा पशुओं की समस्या का समाधान हो। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश डांग, प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह, किसान नेता संतोख सिंह, अमन बठला, बलवीर सिंह, लखविंदर सिंह, लाभ सिंह, अविनाश, अशोक, मनोहर सिंह, भजन सिंह, रमेश चंद, बिट्टू आदि सहित कई अन्य किसान मौजूद रहे।



# शालीनता से कार्य करें ग्राम विकास अधिकारी: बिष्ट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला सूचना अधिकारी गोविन्द सिंह बिष्ट ने प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित नव चयनित ग्राम विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचकर सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के कार्यो एवं विभाग की पृष्ठभूमि और आधुनिक जनसंचार के माध्यमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होने कहा कि सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग सरकार एवं जनता के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु सेतु की भूमिका निभाता है। सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा निर्णयो के माध्यम से जो जनहितकारी कार्य सम्पन्न किये जाते है उनकी जानकारी विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग का है। उन्होने बताया कि विभाग द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनओं की जानकारी विभिन्न समाचार पत्र, पत्रिकाओं, समाचार एजेन्सियों, आकाशवाणी, दूरदर्शन के साथ ही विभिन्न टेलीविजन चौनलों/सोशल मीडियां को उपलब्ध कराया जाता है एवं फिल्म, प्रदर्शनी, गीत एवं नाट्य तथा विभिन्न प्रचारपरक प्रकाशनों के माध्यम से सरकार की नीतियों, संकल्पों, उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है। उन्होने नव नियुक्त सभी ग्राम विकास अधिकारियों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में बताए जा रहे सभी नियमों, कानूनों तथा जानकारियों को पूर्णत: आत्मसात करें ताकि फील्ड स्तर पर कार्य करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि अधिकांश योजनाओं के क्रियान्वयन में आपके कलम का महत्व बहुत ज्यादा होगा, इसलिए संतुलन और सकारात्मक सोच के साथ ही अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बताई गयी व्यवहारिक बातो को प्रमुखता से आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि आप अपने आचरण, व्यवहार तथा कार्य शैली से बड़े स्तर पर अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बना सकते हैं। जिससे स्वंय के साथ ही जिला प्रशासन व सरकार की प्रतिष्ठा भी बढेगी। उन्होने ने कहा कि लोक सेवक के रूप में जो जिम्मेदारी मिली हैं, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सेवा में विभिन्न कार्य सीखने का मौका मिलेगा, जनता से सीध जुड़ाव होगा, जनता के उत्थान में ग्राम्य विकास विभाग का विशेष कर ग्राम विकास अधिकारियों विकास के हर क्षेत्र में भागीदारी होती है इस लिये आप जो भी काम करें, नियम, कानून के दायरे में काम करेंगे तो आगे परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क होगा, नियमावली, विधि के अनुसार ही काम करें। जैसे जैसे कार्य करते जाते हैं, आपकी छवि बनती जाती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का ज्ञान होने के साथ साथ व्यवहारिक होकर शालीनता, विनम्रता से कार्य सम्पादित करें। प्रशिक्षण में जनपद बागेश्वर व उधमसिंह नगर के 30 ग्राम विकास अधिकारी मौजूद थे।



# सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत,दो घायल

गदरपुर(उद संवाददाता)। नरपत नगर के निकट अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो किशोर घायल हो गये। उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम 14 वर्षीय इमरान पुत्र इश्तियाक,21 वर्षीय सुहैल पुत्र बुन्दा शाह निवासी बरेली नगर थाना गदरपुर व 15 वर्षीय वसीम पुत्र इकराम निवासी सुल्तानपुर पट्टी बाइक पर सवार होकर दोराहे के रास्ते से स्वार जा रहे थे जैसे ही नरपत नगर के निकट पहुंचे सामने अचानक स्पीड ब्रेकर आ जाने पर बाइक सवार अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक सामने से आ रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में वसीम की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि सुहैल व इमरान गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको पुलिस व ग्रामीणों की मदद से स्वार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी परिजनों के पहुंचने पर दोनों को काशीपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर परिजनों को मिलने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वसीम चार भाई बहनों में बड़ी बहन से छोटा था पिता की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है।

# भाजपाईयों ने प्रदर्शन कर फूंका राहुल गांधी का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर गंगापुर रोड स्थित दक्ष चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस प्रकार से हिंदुओं को बदनाम करने की साजिश रच रहे है उसे आने वाले समय में हिंदू समाज भूल नहीं पाएगा। राहुल गांधी जो सपना देख रहे हैं वह कभी पूर्ण नहीं हो पाएगा श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर देनी चाहिए और इन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाना चाहिए। उन्होंने करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर कुठाराघात किया। भाजपा नगर अध्यक्ष धर्म सिंह कोली ने राहुल गांधी की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी को देश से निकाल देना चाहिए। इन्हें पाकिस्तान के अंदर चुनाव लड़ना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो के नगर महामंत्री जितेंद्र संधु ने बताया कि जिनके खुद की अपनी धर्म और जात का पता नहीं है कि वह हिंदू है मुसलमान हैं। ऐसे आदमी को भारत के अंदर राजनीति नहीं करनी चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक भाजपा युवा मोर्चा नगर महामंत्री जितेंद्र संधू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप बाजवा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रजत दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष भाजयुमो गोविंद शर्मा, देव शर्मा,मोर सिंह यादव, रिंकू चौहान, विजय तोमर, विक्की राघव, शुभम ठाकुर, उज्जवल, धीरज गोस्वामी, दीपक, संजय, रवि, लक्ष्मी दत्त, राजपाल, विनोद आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राज्य फुटबॉल टीम का चयन ट्रायल कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आल इण्डिया फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार नगाउन असम, अंडर-16 बालक फुटबॉल नेशनल चैंपियनशीप, इस वर्ष अंडर 16 बीसी राय ट्रॉफी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप नगाउन, असम में आगामी 28 जुलाई को आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए फुटबॉल कोच सतनाम बाला ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रदेश की टीम में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियो का चयन ट्रायल कल 7 जुलाई को प्रात: 10 बजे अमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी कार्बेट एफसी रुद्रपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने वाले खिलाडियो को जन्मतिथि, 1 जनवरी 2009 से दिसम्बर 2010 तक मान्य होगा, आधार कार्ड , पेन कार्ड, दो फोटो व एनओसी के अपने साथ ओरिजिनल डाक्यूमेन्ट लाना अनिवार्य है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तन

ब्रिटेन में चौदह वर्षों बाद कंजर्वेटिव पार्टी को पराजित कर लेबर पार्टी सत्ता की कमान संभालने जा रही है। लेबर पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है। उसने चार सौ से ऊपर सीटें जीती हैं। किएर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि इस सत्ता परिवर्तन के कयास बहुत पहले से लगाए जा रहे थे। चुनाव पश्चात सर्वेक्षणों में भी लेबर पार्टी को चार सौ से ऊपर सीटें मिलने के कयास लगाए गए थे।दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी से लोगों का मोहभंग हो चुका था। खासकर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक खासे अलोकप्रिय हो चुके थे। इस तरह वहां सत्ता-विरोधी लहर थी, जिसमें कंजर्वेटिव पार्टी ध्वस्त गई। ब्रिटेन में काफी समय से महंगाई उच्च स्तर पर है, लोगों पर करों का बोझ काफी बढ़ गया है, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं और देश की अर्थव्यवस्था एक तरह से ठप पड़ गई है। ऋषि सुनक ने अर्थव्यवस्था संभालने का आश्वासन दिया था, इसके लिए उन्होंने परिश्रम भी खूब किया, मगर कामयाब नहीं हो सके। नतीजतन, लोगों का रहन-सहन पर खर्च बढ़ता गया है। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति वहां के लोगों में रोष इस बात को लेकर भी था कि 'ब्रेक्जिट' करके ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हो गया, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। इसके अलावा गैरकानूनी तरीके से हो रहे प्रवासन पर सुनक सरकार काबू नहीं पा सकी। इसके चलते वहां की सार्वजनिक सुविधाओं पर बोझ बढ़ा है। लेबर पार्टी ने आवास नीति बनाने, आव्रजन नीति को कड़ा करने और यूरोपीय संघ से रिश्ते मजबूत बनाने का वादा किया था। इससे वहां के लोगों में भरोसा पैदा हुआ। हालांकि चुनावी वादों को जमीन पर उतारना आसान नहीं होता। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को संभालना स्टार्मर के लिए भी बड़ी चुनौती होगी। खाली हो चुके खजाने के साथ करों का बोझ कम करना और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाना भी आसान नहीं होगा। ऐसे में, अगर आव्रजन नीतियों को कड़ा किया जाता है, तो अलग मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। देखने की बात है कि यूरोपीय संघ के साथ मिल कर वे ब्रिटेन की जर्जर हो चुकी अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में कहां तक कामयाब हो पाते हैं।

# आरएएन स्कूल में वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कक्षा 11वीं और 12वीं के कॉमर्स के छात्रों ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट अमित गंभीर, श्रीमती सानिया गंभीर तथा विद्यालय प्रबंधक मोहित राय रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को सानिया गंभीर से प्रेरणा लेकर भविष्य निर्माण के प्रति जागरूक होकर मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावनाने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सीए बनने के बारे में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता जैसे विषय के महत्व के बारे में बताते हुए, जीवन में उस की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया। अमित गंभीर एवं श्रीमती सानिया गंभीर ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देकर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। प्रबंधक मोहित राय ने विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए इन अतिथियों से प्रेरणा लेने एवं मेहनत करके अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया एवं पूर्व छात्र सानिया गंभीर को विद्यालय आकर अपने जूनियर्स को मार्गदर्शन करने के लिए दिल से पूरे आर. ए. एन. परिवार की तरफ से धन्यवाद दिया।





# दहेज में बुलेट व लाखों की नगदी ना मिलने पर दो विवाहिताओं को किया बेघर

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला आवास विकास निवासी काजल नामक महिला ने बताया कि उपरोक्त मोहल्ला निवासी उसके पति हर्ष पुत्र कृष्ण कुमार द्वारा पिछले कुछ समय से दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल तथा लाखों रूपयों की नगदी को लेकर उसकी बुरी तरह उत्पीड़न किया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति अक्सर दहेज की खातिर उसके साथ मार पिटाई करता है और मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी तरह दहेज के एक अन्य मामले में जीत कॉलोनी मोहल्ला महेशपुरा निवासी इदरीश की पुत्री नगमा ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसके शरीफ नगर तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी पति शाहरुख, सास शमां परवीन, ससुर नफीस अहमद उर्फ अमेरिका, नंद शबनम पत्नी बबलू, नंदोई बबलू तथा रियाज बानो उर्फ भोली दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल तथा लाखों रूपए की नगदी के खातिर उसकी बुरी तरह पिटाई करते हैं। विवाहिता का आरोप है कि उपरोक्त सभी आरोपियों द्वारा पूर्व में उसे मौत के घाट उतारने का भी प्रयास किया गया। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि उपरोक्त सभी आरोपियों से उसे जान का खतरा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उपरोक्त सभी आधा दर्जन और उपयोग के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# संपूर्णता अभियान संगोष्ठी में समग्र विकास पर मंथन

कपकोट(उद संवाददाता)। विकासखंड कपकोट सभागार में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान संगोष्ठी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, ब्लॉक प्रमुख गोविंद सिंह दानू द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बता दे कि आकांक्षी ब्लॉक के तहत संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग द्वारा निर्धारित पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत एवं ब्लॉक में कुल स्वयं सहायता समूहों के मुकाबले रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत इन 6 इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत सेचुरेशन करना है। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तभी सफल होगा जब प्रशासन के साथ-साथ आम जन भी जुड़कर सामाजिक जन जागरण लाएगा। उन्होंने सभी से मिलकर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। इस मौके पर विधायक सुरेश गढिया ने कहा कि प्रधानमंत्री संपूर्णता अभियान के माध्यम से मानव जीवन को ऊपर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। और इस प्रयास में विभागों के कार्मिक के साथ-साथ हम सभी को समन्वित प्रयास कर इसको सफल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि संपूर्णता का अभिप्राय ही यह है कि अंतिम पायदान में बैठा व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अन्तर्गत चार जुलाई से 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सम्पूर्णता अभियान में कुल छह सूचकांकों जिसमें स्वास्थ्य विभाग के तीन सूचकांक (गर्भावस्था की प्रथम तिमाही में एएनसी जांच, उच्च रक्तचाप व शुगर जांच), महिला सषक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग का एक सूचकांक (गर्भवती महिला को पूरक पोशाहार), कृषि विभाग का एक सूचकांक (मृदा स्वास्थ्य कार्ड) एवं ग्राम्य विकास विभाग का एक सूचकांक (एनआरएलएम से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों के रिवॉल्विंग फंड दिया जाना) आदि शामिल है, का लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण किए जाने के लिए सभी विभागों को युद्ध गति पर कार्य करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि कपकोट विकास खण्ड को भारत के कुल 500 आकांक्षी ब्लॉकों में प्रथम श्रेणी में लाने हेतु सभी विभागों को कार्य करने होगा। उन्होंने सम्पूर्णता अभियान में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी सूचकांकों को पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख कपकोट गोविन्द सिंह दानू ने सभी से सम्पूर्णता अभियान को सफल बनाने हेतु विभाग से मिलकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में राइका कपकोट की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी बच्चों को टीकाकरण कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार, ने किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी विम्मी जोशी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हरीश मेहरा, कनिष्ठ प्रमुख रविन्द्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम शाही, जिला पंचायत सदस्य हरीश ऐठानी, पूरन गाड़िया, पूर्व ब्लॉक प्रमुखघ मनोहर राम, खंड विकास अधिकारी ख्याली राम, डॉ हरीश पोखरिया आदि मौजूद थे।





# पत्रकार प्रेस परिषद की काशीपुर कार्यकारिणी का विस्तार

## कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने की घोषणा

काशीपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद की एक बैठक कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान सर्व सहमति से प्रकाश चंद जोशी महानगर अध्यक्ष की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश कश्यप,उपाध्यक्ष संजय भल्ला, महासचिव आरिफ खान,सचिव अजहर मलिक, सदस्य योगेश कश्यप को बनाया गया। शीघ्र ही संगठन का और विस्तार किया जाएगा। बैठक में कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद (राष्ट्रीय) पत्रकार साथियों को 2 लाख का बीमा उपलब्ध कराता है। पत्रकारों की समस्या का समाधान संगठन की पहली प्राथमिकता है। पत्रकारों पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों को झूठे मुकदमों में फंसाने वाले अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बखशा नहीं जाएगा।शीघ्र ही जनपद में पत्रकारों पर दर्ज हुए फर्जी मुकदमों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए अन्य शहरों में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।कार्यक्रम का संचालन आरिफ खान ने किया। वरिष्ठ पत्रकार आरिफ खान ने कहा कि प्रदेश के सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में आ रही पत्रकारों की समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा,।पत्रकार अजहर मलिक ने कहा कि प्रदेश में लगातार पत्रकारों का उत्पीड़न हो रहा हैं कुछ तथाकथित लोग अपना व्यापार चलाने के लिए पत्रकारिता के पेशे की छवि को धूमिल कर रहे हैं। इस पर भी संगठन की निगाह रहेगी। पत्रकारों के हितों में संगठन हमेशा खड़ा रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार उमेश कश्यप ने कहा कि पत्रकारों पर अब उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार संजय भल्ला ने कहा कि संगठन के कुमाऊं मंडल प्रभारी से आशा करते हैं कि वह अपने अनुभव से युवा पत्रकारों को जागरुक करते रहेंगे और समय-समय पर होने वाली पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन एवं प्रशासन से संगठन के माध्यम से लड़ते रहेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के महानगर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने बैठक में पत्रकारों से कहा कि निष्पक्ष और स्वच्छ पत्रकारिता करना हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर कुमार मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी महानगर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पत्रकार उमेश कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार आरिफ खान,पत्रकार अजहर मलिक योगेश कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार संजय भल्ला, हरिओम सिंह, आशीष सिंह,आदि लोग मौजूद थे।



# बागेश्वर में कई सड़कें हुई ब्लॉक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद में गुरूवार को दिन में तेज धूप के बाद सायंकाल से बरसात जारी है। तेज बरसात से 11 मोटर मार्ग बंद हैं। साथ ही बरसात से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सरयू व गोमती नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जनपद में गुरूवार को दिन में तेज धूप खिली रही। सायंकाल से बरसात पुनः प्रारंभ हुई। आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार हरसीला-पुड़कुनी, ज्ञानधुरा- डांगटी, कपकोट- पिंडारी, भैरूउखलधार, कांडा पढ़ाव-पंगचौड़ा, हरसीला- पोलिंग, सूपी - हरकोट, काफलीकमेड़ा, धरमघर- माजखेत, कपकोट-पिंडारी, मुनार से गांसी मोटर मार्ग बंद है जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी लगी हुई है। इसके अलावा बरसात से कई रास्ते ध्वस्त हो गए हैं। वन विभाग का जौलकांडे में क्रू स्टेशन से खाल तक जाने वाला पैदल मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा मार्ग में गडढे बने हुए हैं। इसके अलावा जैनोला-धुंआधारा पेयजल योजना भी क्षतिग्रस्त हो गई है। बरसात से सरयू व गोमती नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ है।वही जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कपकोट तहसील के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया।



# राशन डिपो बदलने से भड़के लोगों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की सुभाष कालोनी तथा आदर्श कालोनी के सैकड़ों राशनकार्ड धारकों का राशन डिपो बदल दिए जाने से उनमें गहरा रोष व्याप्त उनका आरोप था कि पहले वह विजय पाल तथा संदीप चावला के राशन डिपो से खाद्यान्न लाते थे जहां उन्हें समय पर पूरा खाद्यान्न मिल जाता था। परन्तु अब यदि उनके राशन डिपो पुन: उसी स्थान पर नही किए गए तो वह पूर्ति कार्यालय के सामने बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। इस दौरान उषा डे, अंजली गोलदार,



है। आज भारी संख्या में कालोनी के लोगों ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए राशन डिपो पूर्ववत करने की मांग की। डिपो बदल देने से उनके सामने कई परेशानियां आ रही हैं। न तो समय पर राशन मिलता है और न ही डिपो दिन में हर समय खुला मिलता है। उन्होंने कहा आशा, नित्यानंद, सविता, सुनीता, शोभा, जमुना राय, आरती, कल्याणी, नयनतारा, कंचन बैरागी, अनीता विश्वास, भारती, अंजना, शीला व कनक आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने एसपी सिटी को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत 29 जून को विजय लक्ष्मी कालोनी गंगापुर रोड़ पर अज्ञात चोरों द्वारा घर के ताले तोड़ लाखो रुपए कीमत के जेवरात व नगदी चोरींकर लिए जाने की घटना का अभी तक खुलासा न किए जाने से रोषित व्यापारियों तथा क्षेत्रवासियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा की अगुवाई में आज एसपी सिटी मनोज कत्याल का उनके कार्यालय में घेराव किया। संजय ने कहा कि विजय लक्ष्मी कालोनी निवासी अमित छावड़ा के आवास पर 29 जून को हुई चोरी की घटना ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस की निष्क्रिय कार्यप्रणाली को उजागर कर रही है। इससे पूर्व भी क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं लेकिन पुलिस मौन साधे हुए है।



किसी भी घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज व क्षेत्र के लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। एसपी सिटी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष भारत सिंह को तलब कर उन्हे आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान मनोज छाबड़ा, संदीप राव,आशीष छाबड़ा, सचिन छाबड़ा ,शिव छाबड़ा, सोम मुंजाल, मनीष गोस्वामी आदि लोग मौजूद रहे।

# जेटली ने दी प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा को बधाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा संगठन द्वारा रेखा वर्मा को उत्तराखण्ड प्रदेश का सह प्रभारी नियुक्त किये जाने पर भाजपा नेता कामेश्वर जेटली ने उनसे मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। श्री जेटली ने कहा कि प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के साथ मिलकर सह प्रभारी रेखा वर्मा देवभूमि में संगठन को और मजबूत बनाने में सहयोग करेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार एवं भाजपा संगठन आपस में तालमेल बिठाते हुए राज्य को तेजी से विकास की ओर अग्रसर करते हुए जनसमस्याओं का समाधान कर रहे है। श्री जेटली ने कहा राज्य में होने



वाले विधानसभा के दो उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# बिगवाड़ा दक्ष रोड पुनर्निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिगवाड़ा दक्ष रोड पुनर्निर्माण संघर्ष समिति द्वारा आज मार्ग निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विनोद चंद्र सनवाल को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्हें बिगवाड़ा दक्ष रोड के क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानी के बारे में अवगत कराया गया। ज्ञापन में जिन मांगों का उल्लेख किया गया है उनमें वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए अगले 2-3 दिनों के अंदर रोड के गड्ढों का भरान करने, रोड के निर्माण के संबंध में अविलंब प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कर निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता से पहले निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाना शामिल है। उन्होंने बताया कि डीएम द्वारा इस संदर्भ में इस विभाग को निर्देशित किया जा चुका है। यदि जनता की मांगों के अनुरूप



समिति को लोनिवि विभाग द्वारा समस्या के स्थाई समाधान हेतु संतोषजनक कार्य समय सीमा के अंदर होता नहीं दिखता है तो जनता पी डब्लू डी कार्यालय पर निरंतर धरना देने के लिए विवश होगी। ज्ञापन देने वालों में दीपक गहतोड़ी, मनीष कुमार सिंह, सतीश वर्मा, अभिषेक यादव, दुष्यंत खेतवाल, विभूति रंजन, सुखदेव, अजय फुटेला, नवीन नेनवाल, अजय शर्मा, जगदीश टम्टा आदि मौजूद थे।

# दुष्यंत गौतम और रेखा वर्मा को फिर मिली जिम्मेदारी

## उत्तराखंड के भाजपा प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी की सूची जारी

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम को लगातार दूसरी बार उत्तराखंड भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया है। गौतम के साथ सह प्रभारी रही रेखा वर्मा को भी दूसरी बार यह जिम्मेदारी मिली। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारियों की सूची जारी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने गौतम और वर्मा को दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। भट्ट ने कहा, दोनों नेताओं के नेतृत्व में चुनावी जीत के अश्वमेघ यज्ञ आगे भी जारी रहेगा। इस निर्णय से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भट्ट के मुताबिक, नवंबर 2022 में गौतम और वर्मा को प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी मिली थी। तब से देवभूमि के सभी चुनावों में पार्टी का परचम लहरा रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने लगातार दूसरी बार बहुमत हासिल कर प्रदेश में सरकार बनाई। साथ ही राज्य में सरकार बदलने की परिपाटी को बदलने का इतिहास रचा। हरिद्वार जिले में पंचायत चुनावों में पहली बार भाजपा एकतरफा जीत दर्ज करने में कामयाब रही। विधानसभा के उपचुनाव में भी पार्टी ने गौतम और वर्मा के नेतृत्व में जीत दर्ज कीं। यह उनके कुशल नेतृत्व का ही परिणाम था कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार पांचों सीटें जीतने का रिकॉर्ड बनाया। भट्ट ने कहा कि प्रभारी के मार्गदर्शन में बूथ स्तर तक सांगठनिक नेवटर्क तैयार कर पार्टी ने जनता के बीच अपनी पकड़ को मजबूत बनाने का काम किया। सरकार को दिए महत्वपूर्ण सुझावों ने जनता में सरकार को प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाई हैं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदस्यों ने काटा हंगामा

गरुड़ (उद संवाददाता)। क्षेत्र पंचायत की बैठक में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मुद्दे छाए रहे। अपने-अपने गांव की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने जमकर हंगामा काटा। इस मौके पर जाख के ग्राम प्रधान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बागेश्वर का पानी बंद कर देंगे। सीडीओ आरसी तिवारी ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के लिए सख्त निर्देश दिए।ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिपंस जनार्दन लोहुमी ने गोमती नदी को पिंडर से जोड़ने की मांग की। द्योनाई के प्रधान कृष्णा पांडे ने गरुड़ में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का शीघ्र निर्माण किए जाने की मांग की। सुराग की ग्राम प्रधान चंपा ने डाकघट, जखेड़ा में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। मटेना के क्षेपंस भोला दत्त तिवारी ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने व गैस की अलग गाड़ी मटेना को भेजने की मांग की। जिपंस भावना दोसाद ने गुलदार के आतंक से निजात दिलाए जाने व पिंजड़ा लगाए जाने की मांग की। मजकोट के ग्राम प्रधान मदन मोहन गुसाई व जिनखोला की प्रधान मंजू बोरा ने पेयजल का मुद्दा उठाया। दर्शानी के प्रधान भोला दत्त पांडे ने बैजनाथ अस्पताल में दवा बाहर से लिखे जाने व खडेरिया पेयजल पुर्नगठन योजना का काम अधूरा छोड़ने पर अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। उड़खुली के प्रधान राजन राम ने राप्रावि उड़खुली का निर्माण कार्य जल्दी पूरा करने की मांग की। कटारमल के प्रधान हरीश भट्ट ने धैना-लखनी मोटरमार्ग की हालत सुधारने, घेटी के प्रधान अशोकवर्धन ने स्कूलों में शिक्षकों व प्रधानाचार्यों की नियुक्ति करने की मांग की। इस दौरान सीडीओ आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, कनिष्ठ उप प्रमुख दीपा जोशी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# पेज एक का शेष...

**आफत की बारिश...**आगे भेजा गया। उधर उत्तरकाशी जिले के गौमुख पैदल मार्ग पर चीड़वासा के पास भारी बरसात के चलते पुल टूट गया। इससे कई कांवड़ यात्री फंस गए। जिन्हें निकालने के लिए एसडी आरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाकर आठ कांवड़ियों को सुरक्षित निकाला। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात्रि उत्तरकाशी के पुलिस चौकी गंगोत्री द्वारा एसडी आरएफ टीम को सूचित किया गया कि चीड़वासा पुल टूट गया है। जिसमें लगभग 40 कावड़ियों नदी के दूसरे छोर पर फंस गए है। सूचना पर प्रात: एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक सावर सिंह के नेतृत्व में मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम ने करीब 8 किमी पैदल दूरी तय कर घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए 8 कांवडियों को सकुशल निकाल लिया गया। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम इंचार्ज सावर सिंह द्वारा सैटेलाइट फोन के माध्यम से बताया गया कि बाकी कांवड़ियों के रेस्क्यू के लिए टीम लगातार काम कर रही है, जल्द ही सभी को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। उधर नैनीताल जनपद से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़पानी ओखलकांडा ब्लॉक की भीड़ापानी-नाई मोटर मार्ग पर शनिवार की सुबह पत्थर-बोल्डरों के सड़क पर गिरने से वाहन चालकों और यात्रियों की जान बाल-बाल बची। मूसलाधार बारिश के चलते सड़क पर कीचड़ होने से छोटे-बड़े वाहन सड़क पर फंस गए। सड़क पर फंसे वाहनों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद ली गई। सड़क पर जगह-जगह मलबा पड़ा होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अल्मोड़ा की युवती को ....**हुये शादी करने का बहाना बनाकर बार-बार शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। इसी बीच पता चला उक्त युवक का नाम समीर नही सैफ अली पुत्र सददीक अली निवासी खताडी रामनगर जिला नैनीताल है। पीड़िता का आरोप है युवक उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का लगातार दबाव बनाने लगा और कहने लगा कि धर्म परिवर्तन तो करना पडेगा। जिसका विरोध किया और कहा कि मर जाउंगी लेकिन गौ मांस नही खाउंगी। तब वहां से भागना चाहा किन्तु उक्त युवक ने जबरदस्ती उसे कमरे में बंधक बना लिया। किसी तरह से उक्त युवक के चंगुल से छुटकर भागी और अपने घर अल्मोडा चली गयी। किन्तु उक्त युवक ने उसके कुछ विडिया और आपत्तिजनक फोटो बना लिये थे जिनके द्वारा उक्त व्यक्ति बार-बार ब्लैकमेल करता रहता और कहता था कि अगर नही आयी तो यह फोटो और विडियो तेरे सभी रिश्तेदारों में भेजकर तुझे बदनाम कर दूंगा और तेरे भाई को जान से मार दूंगा। और तुझे कही मुंह दिखाने लायक नही छोड़ूंगा। पीड़िता का कहना है कि वह अपने भाई की जान बचाने के लिये और बदनामी की डर से उक्त युवक के चुंगल में बुरी तरह से फस गयी। इसी बीच उसे पता चला कि उक्त युवक ने अन्य हिन्दू लड़कियों को भी अपने प्रेमजाल में फसा रखा है। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। विरोध करने वालों में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के बिट्टू शर्मा, सुलतान सिंह, जोगेंद्र सिंह, अजय पाल, मनीष रघुवंशी, जयंत मंडल आदि थे।

**सोनिया और राहुल ...**कि भाजपा के कार्यकर्ता विपिन गहलौत उर्फ बिट्टू चौहान और रजत दीक्षित ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन कर सार्वजनिक रूप से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए माहौल खराब करने की कोशिश की गयी। इन दोनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि राहुल गांधी को गोली मार देनी चाहिए जबकि सोनिया गांधी के लिए गलत टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। ऐसे लोगों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जान को खतरा है। इस तरह की अमर्यादित भाषा बोलने वालों से जिले में माहौल खराब होने का भी अंदेशा है। उन्होंने दोनों पर गुण्डा एक्ट के तहत तड़ीपार की कार्रवाई करने की मांग उठाई। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच की जा रही है।

**श्री राम के प्रति ...** है। उनका आरोप है कि सिद्धांत जोशी नाम का यह व्यक्ति ऑनलाइन क्लास के माध्यम से समाज में तंत्र मंत्र का प्रचार प्रसार करता है और हिंदू समाज के देवी देवताओं को पाखंड बताता है और अनैतिक भाषा का प्रयोग करते हुऐ समाज को बरगलाने के काम में लगा है। जिससे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोष है और हिंदू समाज में भी रोष व्याप्त है। पुलिस ने यशपाल राजहंस की तहरीर पर सिद्धांत जोशी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शहर में गुलदार...**कि इस बार गुलदार शहर के बीचों बीच तिकोनिया के पास गुरु तेग बहादुर गली में गुलदार घर की छत पर बैठा हुआ देखा गया है। स्थानिय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। जब तक वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचती तब तक गुलदार कलावती कॉलोनी की तरफ निकल गया। वहीं गुलदार के शहर के बीचो-बीच दिखे जाने से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है और अब लोगों का शाम के बाद घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है कि कब कहां गुलदार का हमला हो जाए। क्षेत्र के अनेक सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर गुलदार की खोजबीन की जा रही है। इधर पुलिस ने भी लोगों को रात्रि में सतर्क रहने की अपील की है।

**संदिग्ध हालातों में...**भी मौके पर आ पहुंचे। तब तक काजल की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर परिजनों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका काजल की फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**नदी में बहने से ...**सर्च ऑपरेशन चलाया, परन्तु अंधेरा अधिक होने और जल बहाव तेज होने के कारण महिला का कुछ पता नही चल पाया। शनिवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने पुन: सर्च ऑपरेशन चलाते हुए गहन सर्चिंग के दौरान महिला का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपर्द कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**भारी बारिश में ...** नहीं हुई तो भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी स्थानीय लोगों के साथ उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कहां गया कमल : आसमान निगल गया या खा गई जमीन ?

## पूछताछ के लिए आरोपियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

किच्छा( उद संवाददाता)। विगत छह दिनों पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में लापता युवक को सकुशल बरामद करने की मांग को लेकर परिजनों सहित तमाम ग्रामीणों ने पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंदर बिस्ट से मुलाकात की। इस





दौरान लापता युवक के परिजनों ने दो पूर्व ग्राम प्रधान सहित दो अन्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए युवक को गायब करने का आरोप लगाया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही लापता युवक को बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस को दी शिकायत में पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम सतुईया निवासी श्रीमती राम मूर्ति देवी पत्नी करणपाल ने बताया कि विगत 1 जुलाई की शाम करीब 7 बजे ग्राम सतुईया निवासी गण पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू कश्यप एवं जमुना प्रसाद ने उनके पुत्र कमल को फोन कर पार्टी करने के नाम पर घर से बुला लिया। महिला के अनुसार उसके पुत्र कमल द्वारा खाना खा लिए जाने की बात कहने के बावजूद आरोपीगण जबरन पार्टी करने की बात कह कर कमल को घर से ले गए। पीड़िता ने बताया कि किच्छा बाईपास मार्ग स्थित एक होटल पर तीनों लोगों द्वारा देर रात तक पार्टी की गई। लेकिन पार्टी खत्म होने के बावजूद कमल घर वापस नहीं लौटा है जबकि चार दिन से परिजन कमल की तलाश कर रहे हैं। राममूर्ति देवी ने बताया कि अगले दिन पता चला कि जमुना प्रसाद और पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू कश्यप घर वापस आ गए हैं जबकि पुत्र कमल का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है। बताया कि जमुना प्रसाद एवं पिंटू कश्यप से कमल के बारे में जानकारी लिए जाने के बाद उनके द्वारा लगातार टाल मटोल किया जा रहा है जबकि सभी रिश्तेदारी एवं अन्य जगह तलाश करने के बाद भी कमल का कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान पिंटू कश्यप, संजू कश्यप, पूर्व ग्राम प्रधान राम प्रसाद कश्यप एवं अनिल बाल्मीकि ने पूर्व में उनके पुत्र कमल को डराया धमकाया था। महिला ने चारों आरोपियों पर शक जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन से सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कमल को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व प्रधान पिंटू कश्यप पर पूर्व में अपराधिक मुकदमा चल रहा है जिसके चलते कमल के साथ अनहोनी होने की आशंका उत्पन्न हो रही है। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर सीडीआर तथा सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही लापता युवक को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंद्र बिष्ट से मुलाकात करने वालों में रिंकू राजपूत, रणजीत राजपूत, दिनेश राजपूत, योगेश राजपूत, सोनू राजपूत, अनूप राजपूत ,जितेंद्र राजपूत, चूड़ामण राजपूत, पारस राजपूत, शंकर सक्सेना ,नंदकिशोर राजपूत, उमेश, बुद्ध सेन,पवन, मोहन देवी, रूद्र देवी, नेमाती, कमलेश, धन देवी ,लक्ष्मी देवी,सहित दर्जनों ग्रामीण एवं कमल के परिजन मौजूद थे।

### जल्द होगा खुलासा: रविंद्र बिष्ट

किच्छा। पुल भट्टा थाना प्रभारी रविंद्र बिष्ट का कहना है कि कमल के परिजन एवं ग्रामीण उनसे पिछले कई दिनों से संपर्क में है तथा कमल की स कुशल बरामदगी के लिए मांग कर रहे हैं जांच में पाया गया है कि कमल एवं आरोपियों द्वारा एक होटल में पार्टी की गई उसके उपरांत कमल होटल से निकलकर दूसरी तरफ जाता हुआ दिखाई दे रहा है उसके बाद उसका कोई भी पता नहीं चल पा रहा है जबकि आरोपी दूसरी दिशा को जाते हुए दिखाई दे रहे हैं प्रकरण की जांच की जा रही है जो भी तथ्य होगा वह सामने लाया जाएगा आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है तथा आरोपियों पर निगाह रखी जा रही है अन्य कई बिंदुओं पर भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है जिससे शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### कमल ने ही बुलाया था होटल में

किच्छा। पूर्व प्रधान पिंटू कश्यप का कहना है कि उन्होंने कमल के साथ होटल में पार्टी की थी क्योंकि कमल ने ही उन्हें होटल में बुलाया था किंतु पार्टी समाप्त होने के बाद कमल हमें छोड़कर चला गया और हम अपनी गाड़ी से घर वापस आ गए थोउसके बाद वह कहां गया उन्हें नहीं पता है जबकि हम सभी लोग पुलिस द्वारा बुलाए जाने पर थाने पर उपस्थित हो रहे हैं तथा कमल की तलाश कर रहे हैं वह कहां गया यह उन्हें भी पता नहीं है उन पर लगाए हुए आरोप निराधार है।

# केलाखेड़ा क्षेत्र की सरकारी चिकित्सा सुविधा का बुरा हाल

## अधिकारी हो या आम जनता,महिला चिकित्सक के गलत व्यवहार से हैं परिचित अधिकारियों ने लिया संज्ञान, केलाखेड़ा मे तीन दिन सेवाएं देने का आदेश दिया

केलाखेड़ा( उद संवाददाता)। सरकार स्वास्थ्य सुविधाओ में सुधार को लेकर बड़े बड़े दावे कर रही है लेकिन केलाखेडा के सरकारी अस्पताल में स्थाई डाक्टर की नियुक्ति को लेकर कन्नी काट रही है। सरकार की बेरूखी के चलते पूरे केलाखेडा क्षेत्र की सरकारी चिकित्सा सुविधा का बुरा हाल है। दिसम्बर वर्ष 2022 से पूर्व तो अस्पताल की दशा कुछ हद तक ठीक-ठाक रही लेकिन इसके बाद दिसम्बर वर्ष 2022 में जसपुर मै तैनात महिला चिकित्सक को केलाखेडा स्वास्थ्य केन्द्र में अटैच किया गया और केलाखेडा अस्पताल के बुरे दिन आना शुरू हो गये। महिला चिकित्सक ने जब से पदभार ग्रहण किया तब से अब तक यह विवादों मे ही रही यहां की स्वास्थ्य सुविधाओ में सुधार होने के बजाए स्वास्थ्य सुविधाओ में गिरावट आई, प्रसव महिलाओं को रेफर करना जैसे इनकी आदत ही बन गई हो,यही नही मरीजो के साथ आ रहे तिमारदारो के साथ भी बदसलूकी की जाती रही है। अधिकारी हो या आम जनता सभी महिला चिकित्सक के गलत व्यवहार से परिचित है। इसी के चलते केलाखेडा के समाजसेवी डीएल शर्मा ने महिला चिकित्सक को केलाखेडा अस्पताल से हटाने की मांग मुख्य चिकित्या अधिकारी उधम सिंह नगर से कर स्थाई चिकित्सक की मांग की थी जिस पर महिला चिकित्सक डॉ.प्राची अग्रवाल को सप्ताह में तीन दिन सेंवाऐ देने का आदेश पारित किया गया। महिला चिकित्सक के तीन दिन केलाखेडा में कार्य ना करने को लेकर जनता में हर्ष का माहैल है जनता का कहना है कि तीन दिन तो मरीजों को महिला चिकित्सक का कहर नही झेलना पडेगा।

### स्थाई चिकित्सक की होगी नियुक्ति तभी मिल सकेगी इमरजेंसी सुविधा

केलाखेड़ा। समाजसेवी डीएल शर्मा ने मुख्य चिकित्साअधिकारी को पत्र लिख वर्तमान मे तैनात महिला चिकित्सक को उनके गलत व्यवहार के चलते हटाने व स्थाई चिकित्सक नियुक्त करने की मांग की है। यदि स्थाई चिकित्सक की नियुक्ति हो जाती है तो केलाखेडा की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ इमरजेंसी सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी।




# पंतनगर में किसान मेला 4 से 7 अक्टूबर तक

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 116वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में 4 से 7 अक्टूबर 2024 के मध्य होगा। इस किसान मेले की थीम 'खाद्य सुरक्षा एवं पहाड़ों में टिकाऊ खेती की सम्भावनाएं' होगी। किसान मेला सलाहकार समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा मार्च 2024 में आयोजित 115वें किसान मेले की उपलब्धियों तथा आगामी 116वें किसान मेले के आयोजन हेतु रणनीति का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहाकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। कुलपति द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि किसानों को उत्तम बीजों के विक्रय के दौरान उनको कठिनाई न हो और किसान मेले में आने वाले कृषकों को उनको रूकने की समुचित व्यवस्था हो। कुलपति द्वारा मेले में प्रगतिशील कृषक को आमंत्रित करने के लिए कहा गया ताकि उनके अनुभवों का लाभ मेले में आने वाले कृषकों को प्राप्त हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय की नियंत्रक श्रीमती आभा गरखाल द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये और विश्वविद्यालय हित में आयोजित होने वाले हर एक कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने की बात कही गयी। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक, अधिकारी एवं विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

